हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

13 सऊदी अरब तक पहुंचा जिले का तेंदूपत्ता बारिश के बीच हुआ रिकॉर्ड तोड़ संग्रहण



14 समाधान शिविर में लोगों के आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण : कलेक्टर





## खबर संक्षेप

### करंट से 7 मवेशी की मौत

**नवापारा-राजिम।** ग्राम सोंठ में 7 मवेशियों के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सोंठ परसदा मुख्य मार्ग के किनारे दो खेतों में विद्युत खंभे से तार टुटकर गिर गया था। जानकारी के मुताबिक ये मवेशी चरते हुए वहां पहुंच गए और जमीन पर पड़े टुटे हुए तार की चपेट में आ गए जिससे उनकी वहीं पर मृत्यु हो गई। इस घटना को लेकर मवेशी मालिक सहित ग्रामीणों में आक्रोश का वातावरण है। मामले की जांच जारी है।

### ध्रुव गोंड़ समाज की वार्षिक महासभा आज, मंत्री रामविचार होंगे शामिल

**राजिम।** राजिम के पुराने मेला मैदान में 29 मई को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की वार्षिक महासभा पुराने मेला मैदान में



होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम आदिवासी अनुसुचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक विकास एवं कृषि मंत्री दोपहर 2 बजे पहुंच रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के जिलाध्यक्ष पुरन सिंह ठाकुर करेंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी,राजिम विधायक रोहित साहू और बिंद्रानवागढ़ के कांग्रेस विधायक जनक लाल ध्रुव मौजूद रहेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, विकास मरकाम आदिवासी जनऔषधि एवं स्वास्थ्य पादप बोर्ड,भरत मटियारा अध्यक्ष मत्स्य बोर्ड, गौरीशंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद,राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, संरक्षक प्रदेश एवं जिला आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नरसिंग मरकाम, पन्नालाल ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज प्रदेश महासभा, राधेश्याम मरई कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रदेश महासभा, बुद्धेश्वर ध्रुव महासचिव प्रदेश महासभा, राजकुमार नेताम कोषाध्यक्ष प्रदेश आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज सहित विशिष्टि अतिथि के रूप में समाज के पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। समाज के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव ने बताया कि दोपहर 1 से 3 बजे तक कलश यात्रा ध्रुव गोंड़ समाज भवन से सभा स्थल तक।

### एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रही माजदा वाहन उससे जा टकराई, जिससे ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 27 मई को अज्ञात वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक अचानक ब्रेक मारने से पीछे-पीछे चल रही माजदा क्रमांक ओडी 17 एसी 4561 उससे टकरा गई।

**आयोजन : 74 हितग्राही पाए गए आवास योजना के पात्र, 5 को मिला नया राशन कार्ड**

# समाधान शिविर में 5117 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 28 मई को शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक शाला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 08 से 11 अप्रैल तक प्राप्त कुल 5117 आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया गया।

शिविर में 4978 आवेदन शिविर के माध्यम से तथा 139 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे। साथ ही शिविर में पर 9 नए आवेदन भी प्राप्त हुए जिन्हें संबंधित विभाग को अग्रेषित किया गया।

नगर पंचायत की ओर से 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए, जबकि 74 हितग्राही आवास योजना के पात्र पाए गए। कृषि विभाग द्वारा 4 किसानों को स्वर्णा धान बीज तथा 3 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन और गोद भराई संस्कार भी संपन्न कराया गया।





### शिविर में जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता, समाधान पर दिया जोर

नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी ने शिविर का शुभारंभ भारत माता की पूजा-अर्चना से किया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य पूर्ण समाधान है और जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उन्हें उचित कारण बताया जा रहा है। उन्होंने आवास योजना में पात्र किंतु पट्टा विहीन लोगों को पट्टा देने की आवश्यकता बताई।

वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सुशासन तिहार जैसे शिविरों का आयोजन कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की अपील की। शिविर में पार्षद अनिल चंद्राकर, कमलेश यदु, रामूराम साहू समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधन दिया। संचालन कुमार ध्रुव ने किया और आभार प्रदर्शन सीएमओ चंदन मानकर द्वारा किया गया।

### भीषण गर्मी से कम रही भीड़, विधायक व कलेक्टर की अनुपस्थिति से निराशा

शिविर में अपेक्षाकृत कम भीड़ रही, जिसका कारण क्षेत्र में व्याप्त उमस और गर्मी को बताया गया। दोपहर 1 बजे तक लोग शिविर से निकलते नजर आए। विधायक या अन्य बड़े नेता तथा जिले के कलेक्टर की अनुपस्थिति से नागरिकों में मायूसी देखी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पार्षदगण, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, वरिष्ठ नेता डा. चंद्रशेखर हरित, अशोक राजपूत, प्यारेलाल सोनकर समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अमले से एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार अंजली खलखो, नायब तहसीलदार योगेन्द्र देवांगन, सीएमओ चंदन मानकर, वरिष्ठ कृषि अधिकारी बीआर साहू, महिला एवं बाल विकास अधिकारी जितेन्द्र साव, रेंजर बद्रीनाथ ध्रुव, बैंक शाखा प्रबंधक एसएन पांडेय, बीएमओ डॉ. वीरेंद्र हिरौंरिया समेत सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## 5 वर्षों से पात्र ईश्वरलाल को अब तक नहीं मिला पट्टा

**हर दर पर अर्जी दी, हर बार लौटाया गया**

**छुरा।** पात्र होते हुए भी जब अधिकार न मिले, तो वो अधिकार नहीं, एक छलावा होता है। यह बात वार्ड क्रमांक 04, छुरा निवासी ईश्वरलाल सिन्हा पर सटीक बैठती है, जो बीते 5 वर्षों से राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टे की आस लगाए बैठे हैं। नाम पात्र सूची में होने के बावजूद न तो अब तक उन्हें जमीन का पट्टा मिला और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ।

वर्ष 2020 में हुए सर्वे में ईश्वरलाल को पात्र माना गया, पंचनामा और जांच प्रतिवेदन में सब कुछ स्पष्ट था, लेकिन फिर भी उन्हें पट्टा नहीं दिया गया। ईश्वरलाल मजदूरी कर जीवन चलाने वाले अंत्योदय परिवार से आते हैं, और उनका घर पूरी तरह कच्चा और जर्जर है।

### अब सुशासन तिहार से है अंतिम आस

अब जबकि प्रदेश भर में सुशासन तिहार 2025 चल रहा है, ईश्वरलाल की उम्मीदों की डोर एक बार फिर इस महोत्सव से जुड़ गई है। वे कहते हैं अगर अब भी कुछ नहीं हुआ, तो किसी भी अप्रिय घटना के लिए शासन जिम्मेदार होगा। ईश्वरलाल न केवल मानसिक रूप से टूट चुके हैं, बल्कि प्रशासनिक उपेक्षा का प्रतीक बन चुके हैं। यह सवाल उठाता है कि जब पात्र को 5 साल बाद भी हक न मिले, तो क्या यह सुशासन है?



### हर दर पर भटके, फिर भी न्याय नहीं

3 बार कलेक्टर जनदर्शन,
4 बार विधायक निवास,
2 बार विधायक जनदर्शन,
राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से भी मुलाकात

लेकिन हर जगह केवल आपका नाम सही है, मिल जाएगा कहकर टाल दिया गया। तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी भूपेन्द्र साहू ने बार-बार जल्द मिलेगा कहकर घुमाया और तबादले के बाद मामला फिर वहीं ठहर गया। नए एसडीएम के आने के बाद भी स्थिति जस की तस है। हर बार कहा जाता हैः दस्तावेज सही है, आप पात्र हैं। फिर भी न्याय सिर्फ फाइलों में सिसकता रहा।

## पुश्तैनी जमीन पर कब्जे से परेशान किसान ने समाधान शिविर में की साष्टांग प्रार्थना



**मैनपुर।** सरकार के सुशासन तिहार और समाधान शिविर की हकीकत मंगलवार को देवभोग के निष्ठीगुड़ा में आयोजित अंतिम शिविर में तब सामने आई जब एक पीड़ित किसान मंच पर पहुंचकर एसडीएम के सामने साष्टांग होकर न्याय की गुहार लगाने लगा। लाटापारा निवासी किसान अशोक कुमार कश्यप ने अपनी पुश्तैनी जमीन के बंटवारे की मांग करते हुए कहा, /"साहब! बंटवारा करा दो, साल भर से भटक रहा हूं।/" यह दृश्य सबके दिल को झकझोर गया, लेकिन फिर भी किसान को केवल आश्वासन मिला। अशोक ने बताया कि उनकी 4.28 एकड़ पुश्तैनी जमीन पर उनके बड़े भाई ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने वर्षभर पहले आवेदन दिया था, लेकिन आज तक न्याय नहीं मिला। एसडीएम तुलसीदास नाग ने कहा कि अशोक को पहले कब्जा दिलाया गया था, लेकिन फिर से विपक्षी पक्ष ने कब्जा कर लिया। अब स्थल निरीक्षण कर स्थाई समाधान का प्रयास किया जाएगा।

- 394 राजस्व प्रकरण लंबित, 27 हल्कों में सिर्फ 14 पटवारी

### देवभोग तहसील में प्रशासनिक बदहाली की तस्वीर

394 राजस्व प्रकरण तीन न्यायालयों में लंबित
नायब तहसीलदार न्यायालयः 129
तहसीलदार न्यायालयः 185
एसडीएम न्यायालयः 80
इनमें सीमांकन के 104, क्षतिपूर्ति के 72, और खाता विभाजन के 31 मामले शामिल हैं।
तहसीलदार चितेश देवांगन ने बताया कि अशोक के खाते में केवल 2 एकड़ भूमि दर्ज है, जबकि दावा 4 एकड़ का है। यह 1991 में हुए अंतिम बंदोबस्त की त्रुटि का परिणाम है, जिसके चलते आज भी देवभोग क्षेत्र में जमीन से जुड़े विवाद लगातार सामने आ रहे हैं।

### स्टाफ की भारी कमी, न्याय की प्रक्रिया बाधित

देवभोग में 93 राजस्व ग्राम हैं। 27 हल्कों में केवल 14 पटवारी कार्यरत हैं। 3 आरआई सर्कल में केवल 1 आरआई पदस्थ है। नायब तहसीलदार पद रिक्त है। प्रशासनिक संसाधनों की कमी, पुराने बंदोबस्त की खामियाँ और अधिकारियों की उदासीनता किसानों को सिस्टम के आगे घुटने टेकने को मजबूर कर रही है। शिविर का उद्देश्य जहां समस्याओं का समाधान है, वहीं पीड़ितों को बार-बार आश्वासन देकर सत्य और सुशासन की मूल भावना को ठेस पहुंचाई जा रही है।

## नौतपा की शुरुआत फीकी तीसरे दिन बरसे बादल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** बैमौसम बारिश से तीसरे दिन में नौतपा का असर नहीं देखा। इससे लोग राहत लेते नजर आये। नौतपा का असर दो जून तक रहेगा। गौरतलब है कि साल के सबसे ज्यादा गर्म नौ दिन रहता है। इसे नौतपा कहा जाता है। माना जाता है कि नौतपा में सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। माना जाता है कि जितना ज्यादा वह रोहिणी नक्षत्र को जलाता है। उतनी अच्छी बारिश होती है। क्योंकि नौतपा अवधि में सूर्य की किरणें सीधें धरती पर पड़ने से भीषण गर्मी पड़ती है। लेकिन इस बार मौसम बिल्कुल विपरीत है। समाजसेवी शीतल ध्रुव, आत्माराम ठाकुर, संतराम ठाकुर आदि का कहना है कि मई माह आमतौर झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है। लेकिन इस बार इसका असर बिल्कुल दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं वजह है कि नौतपा के पहले दिन रविवार



को मौसम बिल्कुल विपरीत रहा। यही वजह है कि भीषण गर्मी पड़ने के बजाय हल्की बारिश होते रहीइससे तापमान में काफी गिरावट देखने को मिली। ज्यादातर नौतपा के समय लोग झूलसाने वाली गर्मी से बचने चश्मा, टोपी व गमछा का सहारा लेते है। लेकिन इस बार उक्त मौसम में लोगों को छतरी व रेनकोट का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि अभी नौतपा आठ दिन शेष हैं। इसमें नौतपा तपेगा या नहीं यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा।

### खड़मा में तिरंगा यात्रा आज

**मुड़ागांव (कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देश अनुशार खड़मा मंडल के ग्राम खड़मा में तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक हम सेना के साथ है, ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र पहल गांव में हुए हमारे नागरिकों के ऊपर हमले के विरुद्ध में हमारे देश के सेना ने ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाकर पाकिस्तान को तबाह कर देश का नाम पूरे विश्व में रोशना किया। देश के सेना के सम्मान में पूरे भारत में तिरंगा यात्रा निकालकर हमारे सुरविर सेना का सम्मान किया जा रहा है, इस तारतम्य में 29 मई दिन गुरुवार को भाजपा मंडल खड़मा मंडल में तिरंगा यात्रा निकाला जाना है, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मान.संतोष उपाध्याय जी सम्मिलित होंगे और खड़मा का नगर भ्रमण किया जायेगा इसकी जानकारी देते हुए भाजपा मंडल खड़मा के महामंत्री गुलशन सिन्हा पालेंद्र साहू ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## छापामार कार्रवाई, 36 लीटर शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

नया सवेरा अभियान के अंतर्गत जिले में अवैध शराब, गांजा, और नशीली दवाओं के व्यापार पर सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में फिंगेश्वर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुण्डेल और बेलर गांव में छापेमारी कर 36.160 लीटर अवैध शराब बरामद की है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फिंगेश्वर थाना प्रभारी को सूचना मिली कि बेलर निवासी

- तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए



घनाराम साहू (56 वर्ष) के पास अवैध शराब है। पुलिस ने छापा मारकर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 3,000 हजार रुपए बरामद की। वहीं कुण्डेल निवासी दीनबंधु ढीढी (35 वर्ष) के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2,000 रुपए जब्त की गई। तीसरे आरोपी चैतराम चेलक (27 वर्ष), निवासी कौन्दकेरा, थाना राजिम के पास से 62 पाव देशी मसाला शराब कीमत 6,200 और एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो कीमत 25,000 बरामद की गई। तीनों आरोपियों से कुल मिलाकर 36.160 लीटर शराब और अन्य सामग्री की जप्ती की गई जिसकी अनुमानित कीमत 36,200 आंकी गई है। संपूर्ण कार्रवाई फिंगेश्वर थाना पुलिस द्वारा की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर गवाहों के समक्ष गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**अश्लील गीत-वीडियो पर रोक की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे लोक कलाकार**

# संस्कृति बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : सिरजन संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाने वाले अश्लील गीत-वीडियो के खिलाफ जिले के प्रमुख लोक कलाकारों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार 23 मई को लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन के बैनर तले कलाकारों का प्रतिनिधिमंडल गरियाबंद कलेक्ट्रेट पहुंचा। उन्होंने अपर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए अश्लील गीत टुरी के बड़े-बड़े जैसे यूट्यूब पर प्रसारित हो रहे कंटेंट पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

कलाकारों ने इस अवसर पर बताया कि दो वर्षों पूर्व भी एक कलाकार किशन सेन द्वारा /"दबा बल्लू/" जैसे गीत लाकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति का अपमान किया गया था, और अब पुनः ऐसे ही आपत्तिजनक गीत-वीडियो सामने आ रहे हैं, जो समाज की मर्यादा, मातृ-शक्ति और लोक-संस्कृति के खिलाफ हैं।

**'सिरजन' ने दी चेतावनी, कलाकारों को लेना होगा सामाजिक उत्तरदायित्व :** ज्ञापन सौंपने पहुंचे जिला सिरजन के संस्थापक गौकरण मानिकपुरी एवं अध्यक्ष



सेवक ठाकुर ने कहा, "हमारी संस्था बीते 11 वर्षों से छत्तीसगढ़ की लोककला, परंपरा और महतारी भाखा के संरक्षण में कार्य कर रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि लोककलाकार समाज की गरिमा बनाए रखें और ऐसी रचनाएं करें, जो संस्कृति को संवारें, न कि उसे बदनाम करें।

**प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में सौंपा गया ज्ञापन :** इस मांग को लेकर सौंपे गए ज्ञापन में सिरजन



के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू (भिलाई), केंद्रीय प्रतिनिधि डॉ. ईश्वर तारक (रायपुर), संरक्षक नूतन लाल साहू (सेवानिवृत्त करारोपण अधिकारी, फिंगेश्वर), जिला अध्यक्ष संगीता मानिकपुरी (धमतरी), ग्रामीण अध्यक्ष ललिता यादव (रायपुर), सचिव यश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष चैतूराम तारक सहित सभी लोक विधाओं से जुड़े दल प्रमुख और कलाकार शामिल रहे।

### लोक विधा से जुड़े कलाकारों की बड़ी भागीदारी

ज्ञापन सौंपने वालों में पंथी, पंडवानी, सुआ नृत्य, जस गीत, भरथरी, फाग गीत, डंडा गीत, राऊत नाचा, लोक गीत, कर्मा, ददरिया सहित विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकार जैसे बुधारू यादव, दौलत यादव, मानिकराम कंवर (सरपंच, बेलरदोना), गंगाबाई मानिकपुरी, यशवंत दास, हेमलाल साहू, महेश कुमार निर्मलकर, रिखी राम, रुक्मिणी दीवान, महेश्वरी सिन्हा, श्यामा बाई निर्मलकर, मनीराम कंवर आदि मौजूद रहे।

### संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट हुआ कलाकार समाज

सिरजन संगठन की ओर से स्पष्ट किया गया कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा ऐसे अश्लील गीतों पर रोक नहीं लगाई गई, तो आगे और व्यापक स्तर पर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। कलाकारों ने यह भी आह्वान किया कि सभी रचनाकार समाज और संस्कृति के हित में मर्यादित रचनाएं प्रस्तुत करें, जिससे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और गौरव अक्षुण्ण बना रहे।

## बृजमोहन के पिता स्व. रामजी का अस्थि त्रिवेणी में विसर्जित



**नवापारा-राजिम।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता स्व. रामजी लाल अग्रवाल का अस्थि बुधवार को छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम तीर्थ के त्रिवेणी संगम में विसर्जित हुआ। इस अवसर पर उनके कट्टर समर्थक भाजपा नेता पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नवापारा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सहित परिवार के लोग मौजूद थे। मालूम हो कि अस्थि लेकर बृजमोहन के अनुज योगेश अग्रवाल तथा बेटे अभिषेक अग्रवाल, करन अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल राजिम पहुंचे थे। यहां नदी घाट में पूरे विधि विधान के साथ अपने स्व पिताजी का अस्थि विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किए। उल्लेखनीय है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का राजिम से गहरा लगाव रहा हैं। राजिम के विकास में उन्होने कोई कमी नही की बल्कि विश्व में पहचान दिलाने का काम किया।



## खबर संक्षेप

### उपाध्यक्ष निर्भय ने पद से दिया इस्तीफा, बना चर्चा का विषय



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कांदाडोगर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पद निर्भय सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है लेकिन निर्भय सिंह ठाकुर ने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पद से इस्तिफा देते हुए एक पत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष गरियाबंद को प्रेशित किया है। ज्ञात हो कि निर्भय सिंह ठाकुर भाजपा के काफी वरिष्ठ नेता के साथ तीन बार जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष के अलाव लगातार तीन बार जनपद सदस्य भी चुने गए है श्री ठाकुर को भाजपा मंडल कांदाडोगर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होने मंडल उपाध्यक्ष से इस्तिफा प्रेशित करते हुए पत्र में कहा कि उन्हे उपाध्यक्ष नियुक्त करने के लिए अभार व्यक्त करते हुए प्रणाम करता हूॅ मेरे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को विरोध के बावजूद इतना बड़ा दायित्व दिया गया है लेकिन मैं इतना बड़ा दायित्व उपाध्यक्ष जैसे पद का बोझ अपने कंधे में नहीं सम्भाल सकता इसलिए मेरा इस्तिफा स्वीकार कर किसी योग्य कार्यकर्ता को इस जिम्मेदारी देने की कृपा करें मैं भारतीय जनता पार्टी के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा।
ज्ञात हो कि निर्भय सिंह ठाकुर भाजप के वरिष्ठ नेताओं में जाने जाते है और उनके मंडल उपाध्यक्ष पद से इस्तिफा देने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में जब निर्भय सिंह ठाकुर से चर्चा किया गया तो उन्होने भले ही परिवारिक कारण से इस्तिफा देने की बात कही है लेकिन उनके समर्थको ने इस्तिफा के कारण कुछ और ही बता रहे है।

### ललित बने चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष



**गरियाबंद।** चेंबर ऑफ कॉमर्स की प्रदेश कार्यकारिणी में ललित जय सिंह को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके चयन पर व्यापारिक जगत में खुशी की लहर है।
नियुक्ति के बाद उन्हें व्यापारिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी।
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी और पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ललित जय सिंह वर्षों से व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनके अनुभव का लाभ अब पूरे प्रदेश को मिलेगा।
कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाए जाने पर ललित जय सिंह ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी व्यापारियों के हित में काम करेंगे और संवाद-संवाद से समस्याओं का समाधान निकालेंगे। इस अवसर पर अनेक व्यापारी प्रतिनिधि व समाजसेवी ने भी सिंह को शुभकामनाएं दीं और संगठन में नई ऊर्जा के संचार की उम्मीद जताई।

### अतिथियों ने बताया महारानी का योगदान कहा - आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कृषि कॉलेज में संगोष्ठी, छात्रों को दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर शासकीय इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने महारानी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नारी उत्थान की जननी और महान समाज सेविका बताया।

रामू राम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने न सिर्फ काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया, बल्कि देशभर में धर्मशालाएं, कुएं, तालाब, मंदिर जैसे अनेक लोकहितकारी कार्य किए, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

संगोष्ठी को भाजपा नेता भागवत हरित, समाजसेवी अशोक सिंह राजपूत और भाजपा मंडल फिंगेश्वर की अध्यक्ष डॉ. मंजू लता हरित ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने महारानी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी घटनाएं साझा कीं और छात्रों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से रोली-चंदन लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी में पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. प्यारेलाल सोनकर, मंडल महामंत्री मिंजुन साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू, कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र को याद कर सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा ली।

# यशपेन्द्र, अवध, रमेश, देवसिंह बने प्रदेश पदाधिकारी



**छुरा।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा की सहमति से छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने किसान कांग्रेस की प्रदेश पदाधिकारी की घोषणा की है जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंहदेव अंबिकापुर, दीपक पांडे रायपुर, राजेश जैन महासमुन्द, जागेन्द्र पांडे बलौदाबाजार, झम्मन बघेल बेमेतरा, यशपेन्द्र शाह छुरा, विमलेश तिवारी सूरजपुर, विनोद शुक्ला जांजगीर, हरिओम सोनी भिलाई, विनय शुक्ला बिलासपुर, शंकरलाल शर्मा तिल्दा, देवेन्द्र भृगु भाटापारा, बशीर कुरैशी/बाबा खान धरसीवा, रायपुर, फणीश दुबे केसर, अवधराम साहू छुरा, सुनील शुक्ला, बसंत लोखंडे भिलाई, मुकेश चंद्राकर रामकृष्ण ओझा सरगुजा, सरजू प्रसाद धरतलहरे,,बद्री प्रसाद जायसवाल, गौरी शंकर पांडे दाउलाल चंद्राकर (इंचार्ज एडमिनिस्ट्रेशन), सैयद अकील हुसैन (संगठन प्रभारी), सचिव, हरिशंकर बंसवार (ऑफिस इंचार्ज), राजेश पाण्डेय (प्रवक्ता), रणविजय सिंह तोमर, हरमीत सिंह रमेश शर्मा छुरा, देवनारायण बंधे,नीरज सोनी, मीना बंजारे,नूरुल रिज़वी, सुरेश पटेल, कुसुमलता साहु. सीताराम चंद्राकर,रविकांत बाइस, वि परगनिया सौरभ सिंह, अंजोरदास धरतलहरे, मोईन अहमद सिद्दीकी, भोलाराम नेताम, शैलेश सरनाइक, हलीम फिरदोसी, राजेंद्र वर्मा, नीरज ठाकुर, रंजीत सिंह चंदेल, मुकेश देवांगन, प्रमोद चौधरी, शिव पांडे, शिवदत्त पांडे, संजय कुमार शर्मा, शशिकांत कश्यप, धर्मेंद्र वर्मा, केदार देवांगन, कृष्णा टेकाम, विनय ताम्रकार, देवसिंह रात्रे छुरा, मनीष वर्मा, भूपेंद्र चंद्र, राजन पांडे, संतोष सिंह अमलेश्वर, रमेश चन्द्र पांडे बिलासपुर, संतोष दुबे मस्तूरी, हिमांशू दीक्षित तिल्दा, मनोज सिंह राजपूत पंडरिया आशीष सिंह बिलासपुर, मनोज निर्मलकर रायपुर, अप्पू सोनी जशपुर, योगेश कुमार शर्मा, शारदा पटेल बिलाईगढ़, विनोद दास महंत जांजगीर राजेंद्र साहू चारामा, कांकेर, सुनील सोनकर बिलासपुर, कमलगिरि गोस्वामी धमतरी, शिव बघेल महासमुन्द, देवेन्द्र गिरी सरगुजा, सूर्य प्रकाश यादव रायपुर, परमेश्वर गुप्ता बलरामपुर, बृजेश कुमार मिश्रा बलरामपुर, विनय ताम्रकार रायपुर, राजेश सिंह रायपुर, दीपक मानिकपुरी सूरजपुर, राजेश पांडे सरगुजा, सालिक सिंह ठाकुर सरगांव, मुकेश ठाकुर रायपुर, जितेन्द्र बंसवारपरागों, रायपुर, संतोष दास मानिकपुरी रायपुर, छन्नूलाल यादव सेमरिया, रायपुर, प्रीतमदास बर्मन मंदिर हसौद रविशंकर नेताम, राजकुमार सेवता चारामा, कांकेर ईश्वर सिंह यादव महासमुन्द, क्रांति सोनी बिलासपुर, दूधनाथ यादव मैनपाट, राजकुमार सोनी बतौली, तेजन राम कला हैं।

# जनता के बीच सक्रिय गौरीशंकर, जमीनी स्तर पर कर रहे समस्याओं का समाधान

**मैनपुर।** गरियाबंद जिला पंचायत के युवा अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप जनता के बीच पहुंच कर लगातार जनता की समस्याओं का समाधान करने लगे हुए है इन दिनो पूरे जिले में सुशासन तिहार के तहत समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मंच में अपने कुर्सी से उतर कर लोगो की समस्याओं को सुन रहे है उनका यह अंदाज लोगो को बेहद पसंद आ रहा है। काफी सरल स्वभाव के जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष शिविरो में अपने उदबोधन का शुभारंभ भारत माता की जयघोश के साथ शुरू करते है और उपस्थित लोगो मे उत्साह भर देते है। साथ ही छत्तीसगढ़ विष्णुदेव सरकार के सुशासन के संबंध में विस्तार से बताते है और महतारी वंदन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए केन्द्र और राज्य सरकार के उपलब्धियों को गिनाते हुए सरकार के सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास का जिक्र करते है निं"चत रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में हजारो पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा है जो सरकार के काफी महत्वपूर्ण योजना है और इससे गरीबों को पक्का मकान और छत नसीब हो रहा है।



श्री कश्यप ने कहा की प्रदेश के विष्णुदेव सरकार जनता के लिए समर्पित है यह सरकार जनता की है सरकार की मंशा है कि हर कार्य पारदर्शिता से हो जनता की मांग और शिकायत का सही समय पर निराकरण हो इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है उन्होने कहा वे जनता की सेवक है उन्हे इसलिए चुनकर जिला पंचायत में भेजे है ऐसे में उनका दायित्व है कि वे जनता के लिए समर्पित रहे साथ ही उन्होने अधिकारी कर्मचारियों से आग्रह किया है कि जनता का कार्य हर हाल में किया जाय।

# गीता साहू को राजस्व मंत्री ने किया सम्मानित


**फिंगेश्वर।** सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बिजली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। इस दौरान गीता साहू जिन्होंने बारहवीं में 83.33:अंक लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में प्रथम स्थान प्राप्त की है, जिनका सम्मान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मान कर बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू, नंदनी कोमल ढीढी, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, जनपद सभापति नंदुराम यदु, डॉ. दिलीप साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ हरीश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, डीएमसी केएस नायक, एडीपीओ बुद्धविलास सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, बीआरसी सुभाष शर्मा, सरपंच पदमा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल प्राचार्य पूरनलाल साहू, याचना जोशी (खुटेरी) शाला विकास समिति अध्यक्ष गजेंद्र निषाद, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, संकुल समन्वयक भुवन यदु, पुराणिक ध्रुव, गैंदूराम पटेल, नरेश साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू सहित अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नौवतपा तीसरे दिन भी नहीं तप पाया, पड़ी बरसाती फुहार

**रसेला।** दक्षिण पश्चिम मानसून के समय से पूर्व केरल पहुंच जाने के बाद उसका असर क्षेत्र में भी दिखने लगा है फलस्वरूप नवतपा के तीसरे दिन भी नवतपा ने लोगों को उतना नहीं तपाया जितना की इसके नाम का हल्ला था। तीसरे दिन भी रसेला क्षेत्र में नवतपा की गर्मी का अहसास भरपूर रूप से लोगों को नहीं हो पाया व दोपहर बाद से मौसम का मिजाज बिगड़ गया व मामूली रूप से वर्षा की हल्की फुहार चलने लगी जिससे लोगों को गर्मी के तपन से भरपूर राहत मिल गयी लेकिन नवतपा का जो कहर बरपना था, वह दूसरे दिन भी ढीला पड़ गया। अनुमान लगाया

जा रहा है कि इस वर्ष गर्मी में भारी लू चलने की जो आशंका थी वह मानसून के केरल में जल्दी पहुंच जाने के कारण वैसी गर्मी अब नहीं पड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि क्षेत्र में इस बरस वर्षा समय पूर्व होने की संभावना है जिसके



कारण पहले जैसे भयंकर गर्मी क्षेत्र में पड़ने की संभावना नहीं है वहीं आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये शहर के हाट बाजारों में बरसाती मौसम के तमाम सामान बिक्री के लिये सज गये हैं जिसमे रेन कोट, बरसाती, छतरी तथा तारपोलिन सहित तमाम बरसात से बचने के सामाग्रियों की भरपूर आवक छोटे-बड़े सभी दुकानदारों के पास हो गई है और एक बेहद बरसात शुरू होते ही संभव है बरसाती आयटमों की बिक्री का सिलसिला शुरू हो जायेगा।

# पत्रकार महासंघ का तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास से संपन्न



**रसेला।** इंटरनेशनल मैक कालेज समता कालोनी रायपुर में 25 मई को पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित स्थापना दिवस एवं पत्रकार परिवार सम्मान समारोह सफलता एवं गरिमापूर्ण संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसी कौशिक निज सहायक, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, विशेष अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष नसीम कुरैशी, लव कुमार रामटेक अधिकार संगठन के संस्थापक, मातामणी तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता, संजू यादव लक्ष्य फाउंडेशन के संस्थापक की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुभारंभ सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए पत्रकारों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पत्रकार महासंघ के प्रयासों की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने संगठन की यात्रा, उद्देश्यों और संगठन को एक पारिवारिकता का परिचय देते हुए भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारों और समाजसेवियों का सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज के प्रति उनके योगदान का सम्मान है। संगठन के उपाध्यक्ष नसीम कुरैशी ने विशेष बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन एक शक्ति है और शक्ति से किसी भी बुराइयों को लड पाना भारी पड़ता है। इसलिए संगठित रहकर कार्य करते हुए हम एक रहे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संवाद सत्र एवं के भावी कार्यक्रमो की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान गरियाबंद जिले के अध्यक्ष परमेश्वर यादव, महासचिव इमरान मेमन, उपाध्यक्ष दिलीप बघेल, कुलेश्वर सिन्हा, प्रकाश यादव, सचिव नेहरू साहू, जनप्रतिनिधि विजय कृष्ण नागेश, हेमलता ध्रुव, बिगेंद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, भूवेन्द्र मरकाम, महेश सोरी, प्रितम देवांगन, अशवत सेन, त्रिलोकी जयसवाल सहित जिले के पत्रकार साथी शामिल हुए।

### सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** बुधवार को वार्ड क्रमांक 13 में 27 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मधुसूदन शर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूजा कंसारी, सचिन सचदेव, रवि साहू, धीरज साहू मौजूद थे।



# सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

**छुईहा बेलर।** सोमवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत सरकड़ा, बलरामपुर में महिलाओं ने धूमधाम से मनाई। क्षेत्र में सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष की पूजा की। सरपंच सरकडा अमिता यदु के साथ पुजा करने पहुंची रीना साहू, गायत्री चंद्राकर मीना, मोनिका यादव, उमा यादव, भारती साहू, मीरा साहू ने कहा की यह व्रत सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए कर रही हैं। कहा कि इस पुनित अवसर पर सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना



के साथ एंव धर्म में प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्रता से पुजा किया गया ।कामना किया गया कि अखंड सौभाग्य के साथ घर में सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो।

# रेडक्रास के स्वयं सेवकों ने छांटो बस्ती में की सफाई

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना व रेडक्रास के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम छांटा बस्ती में हमारा गांव सुन्दर गांव के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान का श्री गणेश शास. प्राथमिक शाला परिसर में ऐशु साहू सरपंच प्रतिनिधि, लक्ष्मण साहू उप-सरपंच प्रतिनिधि, गोविंद साहू, भूषण साहू, बसंती साहू ,मान बाई साहू, पंचगण सुरेश साहू समाज सेवक, डॉ.आर.के.रजक कार्यक्रम संयोजक व बच्चों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्कूल परिसर को साफ सुथरा व सुन्दर बनाने का प्रयास किया गया। इस अभियान मे स्वयंसेवक, जनप्रतिनिधियो ने स्कूल परिसर बस्ती पारा, रंग मंच, जय स्तंभ चौक, प्रमुख रास्ते, तालाब परिसर से लेकर बस्ती में हमारा गांव सुन्दर गांव स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, स्वच्छता ही सेवा है, जब जागो तब सवेरा। आओ करें हम संकल्प, साफ सुथरा हो मेरा गांव जैसे अनेक जागरूकता के नारे




लगाते हुए घर-घर स्वच्छता संदेश दिया। इस अवसर पर वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारी से बचने अनेक सुझाव बताए गए।

**गंदगी नहीं न करने का लें संकल्प :** कार्यक्रम के दौरान भोला, नूतन, नवदीप ,यशवंत ,तुषार, अगेश ,तामेश्वर, माधुरी, चित्र रेखा, श्रद्धा, भूमिका, नीलम, स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। ऐशु साहू ने कहा कि हमारा गांव सुन्दर तभी होगा जब हम स्वच्छता की पहल अपने घरों से करेंगे व हम गंदगी नहीं करेंगे और न करने का संकल्प लें। लक्ष्मण ध्रुव ने बच्चों व स्वयंसेवकों को बताया कि हमारे युवा शक्ति सुन्दर गांव की कल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण कड़ी हो सकती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ने बताया कि घर की तरह गांव भी अपना है और इसे साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी हमारी है। राष्ट्रीय सेवा इकाई समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाते रहते हैं स्वच्छता के साथ-साथ संस्कार की भी शिक्षा देते रहते हैं जिससे भावी पीढ़ी स्वच्छता के महत्व को समझ सके। हमारी युवा पीढ़ी अपने संस्कार, संस्कृति और परम्पराओं को भूलती जा रही है। ऐसे ही जागरूकता अभियानों से युवा वर्ग प्रेरित होकर अपने गांव तथा राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।

### अब तक 413 आवेदन प्राप्त, समस्याओं के समाधान के लए मुख्यमंत्री से मिलेंगे

# जनपद सभापति ने जनचौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जनपद पंचायत मैनपुर के सभापति व भाजपा नेता देवेंद्र ठाकुर इन दिनों अपने निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 की चार पंचायतों बरकानी, सरगीगुड़ा, गंगराजपुर व घूमरगुड़ा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सीधे सुन रहे हैं। यह जनसंपर्क अभियान न केवल उनका अलग अंदाज दर्शाता है, बल्कि जनसेवा की एक नई मिसाल भी पेश करता है। देवेंद्र ठाकुर ने चौपालों के माध्यम से पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड जैसी मूलभूत समस्याओं के 413 आवेदन प्राप्त किए हैं। जिन समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव था, उन्हें वहीं निपटा दिया गया, जबकि अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

**जनता से सीधा संवाद :** योजनाओं की जानकारी और समाधान देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि शासन की योजनाओं और जनता के बीच पुल बनकर काम करना उनका ध्येय है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए अमल की दिशा में कदम बढ़ाया है।



**मुख्यमंत्री से मिलकर करेंगे प्रस्तुतियां :** उन्होंने कहा कि जिन आवेदन मामलों में शासन स्तर की स्वीकृति आवश्यक है, उन्हें लेकर वे कलेक्टर, प्रभारी मंत्री, विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री से भेंट कर आवश्यक निर्णय के लिए निवेदन करेंगे।

### पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों का सराहनीय सहयोग

इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत बरकानी के सरपंच पवन यादव, सरगीगुड़ा के सरपंच विश्वजीत सिंह ठाकुर, गंगराजपुर की सरपंच श्रीमती अनिल विभार, घूमरगुड़ा की सरपंच श्रीमती रजनी देवेंद्र ठाकुर तथा संबंधित पंचायत सचिवों का सक्रिय सहयोग रहा।

जनपद सभापति का यह जन संवाद कार्यक्रम ग्रामीणों में खासा सराहा जा रहा है। लोग इसे सच्चे जनसेवक की मिसाल बताते हुए खुले दिल से समर्थन कर रहे हैं।

# समर कैंप सृजनात्मक एवं रचनात्म कौशल विकसित करने का माध्यम

**छुईहा बेलर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं को समृद्ध और आकर्षक, अनुभव प्रदान करने कौशल विकास, शारीरिक, गतिविधियां, रचनात्मक अभिव्यक्ति, शैक्षणिक संवर्धन, सांस्कृतिक वैश्विक जागरूकता, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का निर्माण, स्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में समर कैम्प का आयोजन 8:30 से 10:30 बजे तक किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि समर कैंप बच्चों के लिए कई मायने में महत्वपूर्ण है जिसमें उन्हें सीखने-समझने,जानने,कला विकसित करने और नए कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करता है.समर कैंप विद्यार्थियों के सीखने और मनोरंजन करने का एक आदर्श मंच है। समर कैंप में बच्चों का भाषण, गीत, ड्राइंग पेंटिंग, संगीत,नृत्य, क्रीड़ा के साथ साथ योग आकृति निर्माण आदि सीख रहे है।



उन्होंने आगे बताया कि समर कैम्प छात्र छात्राओं के लिए समग्र विकास के लिए किया गया एक रचनात्मक कार्यक्रम है.समर कैम्प सृजनात्मक, रचनात्मक एवं बौद्धिक कला को विकसित करने का माध्यम है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, शिक्षक कृपा राम बघेल, क्लर्क दुष्यंत साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी, विद्यार्थी गीता साहू, प्रियंका निषाद, रीतू सेन, हसीना निषाद, भारती पटेल, प्रेमकुमारी कीर्ति निषाद, जास्मीन साहू, सेतुका साहू, डिम्पल ढीढी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन शुरू

**गरियाबंद।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। उनके लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री नवीन भगत ने बताया कि विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नवीनीकरण एवं नवीन आवेदनों के लिए स्वीकृति एवं डिसबर्स की विभिन्न तिथि शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों के लिए निर्धारित की गई है। साथ ही संभावित भुगतान तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के वेबसाईट पर जाकर विभिन्न तिथियों के अनुसार आवेदन सबमिट कर सकते है। सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करने समय ध्यान रखना होगा कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। सभी संस्थाओं को विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किये गये है। पीएफएमएस के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से वन टाईम रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना आवश्यक है। इस संबंध में छात्रवृत्ति पोर्टल में दिये गये निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।

### बारिश नहीं रोक पाई संग्राहकों का उत्साह, रिकॉर्ड तोड़ते आंकड़े, नया इतिहास

# सऊदी अरब तक पहुंचा जिले का तेंदूपत्ता बारिश के बीच हुआ रिकॉर्ड तोड़ संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



खास खबर

प्रदेश का गरियाबंद जिला इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है। यहां के जंगलों से संग्रहित तेंदूपत्ता की उत्कृष्ट गुणवत्ता ने पश्चिम बंगाल से लेकर सऊदी अरब तक के बाजारों में अपनी जगह बना ली है। लगातार बारिश के बावजूद गरियाबंद के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों ने उत्साह के साथ संग्रहण जारी रखा। परिणामस्वरूप, जिले ने अपने निर्धारित लक्ष्य का 95% तेंदूपत्ता संग्रहण कर लिया है, जिससे प्रदेश स्तर पर गरियाबंद को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। 2025 सीजन में अब तक 79,428 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित किया जा चुका है, जबकि लक्ष्य 83,000 बोरा है। अभी 10 दिन शेष हैं, जिससे लक्ष्य पार करना लगभग तय है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के 76,146 बोरों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुका है। 43 करोड़ से अधिक का संग्रहण मूल्य प्रति बोरा 5500 रुपये की दर से अब तक संग्रहण का कुल मूल्य 43 करोड़ 68 लाख 54 हजार रुपये तक पहुंच चुका है। इसमें से 63,615 संग्राहकों को 16 करोड़ 51 लाख रुपये का भुगतान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया गया है।

**तेंदूपत्ता देश-विदेश में प्रसिद्ध :** एसडीओ मनोज चंद्राकर ने कहा, गरियाबंद का तेंदूपत्ता देश-विदेश में प्रसिद्ध हो चुका है। जिले ने राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है।

**संग्रहण में इस बार रिकॉर्ड वृद्धि :** लक्ष्मण नेताम, अकाउंटेंट, वनोपज सहकारी समिति गरियाबंद ने कहा, "संग्रहण में इस बार रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। भुगतान प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन की जा रही है, जिससे संग्राहकों को समय पर राशि मिल रही है। गरियाबंद का तेंदूपत्ता अब सिर्फ वनोपज नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास का प्रतीक बन चुका है।

- महिलाओं को मिला सम्मान : जूती योजना
- 500 गड्डी से अधिक संग्रहण करने वाली 62,146 महिलाओं को जूती योजना के तहत जूती प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें सुविधा के साथ सम्मान भी मिल रहा है।
- बीमा, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा से समग्र विकास
- 359 बीमा मामलों में 3.41 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। शिक्षा सहायता के तहतः
- व्यावसायिक कोर्स के 12 छात्रों को 1.15 लाख
- गैर-व्यावसायिक कोर्स के 92 छात्रों को 4.49 लाख
- 10वीं के 110 छात्रों को 2.75 लाख
- 12वीं के 93 छात्रों को 2.79 लाख
- 10वीं के 194 और 12वीं के 66 मेधावी छात्रों को कुल 45.6 लाख की सहायता प्रदान की गई है।

### समर कैंप में बच्चों ने सीखा नृत्य, संगीत और चित्रकला



गरियाबंद। जिले के प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में समर कैंप का आयोजन उत्साहपूर्वक जारी है। तीसरे दिन की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक रचनात्मक पहल साबित हुईं। बहुभाषी शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी जोड़ा जा रहा है, जिससे उनकी कला, संगीत और अभिव्यक्ति की रुचियों को नया आयाम मिल रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने छत्तीसगढ़ राज्य गीत /"अरपा पैरी के धार/" पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए, जो दर्शकों को बेहद भावविभोर कर गया। साथ ही, सभी बच्चों ने अपनी कल्पनाओं के अनुसार आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। गीत गायन की प्रस्तुति डेविड निर्मलकर द्वारा दी गई, जिन्होंने देशभक्ति गीत गाकर बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को पेन और कॉपी भेंट कर प्रोत्साहित किया। समर कैंप में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। इस आयोजन में संस्था के प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव सहित शिक्षक घनश्याम कंवर, दुर्गेश विश्वकर्मा, लीलाराम मतावले, झंकेस सिन्हा और खोमन सिन्हा सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### हरिहर स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित



**राजिम।** पीएम श्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप कार्य योजना के तृतीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। भाषायी समर कैंप के तृतीय दिवस बुनियादी संगीत, नृत्य, चित्रकला के बारे में शिक्षकों द्वारा बताया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार साहू, एस एन देवांगन, महेश नेताम, भरत लाल साहू ने बच्चों को संगीत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आलोक सिंह ठाकुर, विनोद साहनी, अश्वनी साहू, होरीलाल चांदने, मो जफर, किशन सिंह ठाकुर, भूमिका साहू, सोनू साहू व अन्य शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

### छुईहा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मना वट सावित्री पूजा

**छुईहा बेलर।** छुईहा में वट सावित्री की पूजा सुहागिन महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं पति के लिए दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखी थी।

रश्मि, मीना, यमुना, धानी, निर्मला , सोनाली, रोशनी, रानी, जयश्री, भारती, नीना ने वट सावित्री पूजा के दिन अपने पति के दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना लेकर व्रत रखी थी। बताया कि वट बरगद के पेड़ की पूजा किया गया इसमें ब्रम्हा, विष्णु और महेश बरगद के पेड़ में निवास करते हैं, बरगद के पेड़ के नीचे ही सावित्री ने यमराज का सामना कर पति की जान बचाई थी। और व्रत से जुड़ी मुख्य कथा सावित्री और सत्यवान की कथा सुनाई। जो प्रेम, निष्ठा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।



### अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर स्वच्छता की ली शपथ

**छुरा।** पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुए। इसी श्रृंखला में शनिवार से लगातार नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद के नेतृत्व में किलकारी उद्यान, मुक्तिधाम पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के तहत परिसर को पूरी तरह से साफ एवं स्वच्छ कर और शांत वातावरण सुनिश्चित किया गया।इस विशेष सफाई अभियान में थानसिंह निषाद, निखिल साहू, रजत कुकरेजा, ललित राठौर, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, कुश साहू, अजय चंद्राकर, संजय पटेल, सुजल कोठारी, विजय कौशिक, बलराज पटेल, उखराज ध्रुवा, सुरेन्द्र मार्कण्डेय, रुखमन निषाद ने सफाई कार्य में भाग लिया। उनके साथ पालिका के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी भी शामिल





नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ काम करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। अभियान के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं है, बल्कि नागरिकों में स्थायी रूप से स्वच्छता की आदत विकसित करना है। देवी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान विभूतियों की जयंती को इस प्रकार की सेवा से जोड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। साथ ही इस अवसर पर स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**जनभागीदारी बनी ताकत :** इस पहल में नगरवासियों ने अपने-अपने स्तर पर सहयोग दिया। कई स्थानीय समर्पण ग्रुप, नागरिकों ने स्वेच्छा से अपने वार्डों में सफाई की और दूसरों को भी प्रेरित किया। इस प्रकार यह अभियान प्रशासन, युवाओं और आम जनता के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया। इस अवसर पर नगर बड़ी संख्या में नगर अधिकारी और कर्मचारी वार्डवासियों के साथ उपस्थित थे।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

### भूमिका का एकलव्य विद्यालय में चयन



**मैनपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला दबनई की मेधावी छात्र कुमारी भूमिका नागेश ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में उच्च अंकों के साथ चयनित होकर विद्यालय एवं ग्राम पंचायत दबनई को गौरवान्वित किया है। आदिवासी बिटिया ने इस सफलता का श्रेय माता पिता एवं प्राथमिक शाला दबनई के प्रधानपाठक अमर सिंह नेताम व शिक्षक धर्मेंद्र ठाकुर के कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन को दिया है। इस उपलब्धि पर रणजीत सिंह ध्रुव, चिंता राम नेताम, दीपक चतुर्वेदी, विनय कुमार साहू, चंदन नेताम, शिवगीता, योगेश यादव सहित पालकों एवं ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### समाधान शिविर फ्लॉप शोः सीमा



**राजिम।** फिंगेश्वर ब्लॉक के जनपद सदस्य सीमा शर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि राज्य सरकार की कई योजनाएं जैसे महतारी वंदन योजना, उज्वला योजना, भूमिहीन किसान योजना सहित कई योजनाओं का पोर्टल बंद है। अर्थात ये योजनाएँ स्वयं समस्या में है तो जनता जनार्दन की समस्या का निदान कैसे होगा? कहा कि सभी शिविरो में ज्यादातर आवेदन इन्ही विभागों से संबंधित है। सरकार बंद पोर्टल चालू कराके शिविर लगवाएं तभी लोगों की समस्याओं का समाधान हो पाएगा नहीं तो केवल अफसरशाही के चलते यह महज खानापूर्ति करने वाला शो साबित होगा।

### बेमौसम बारिश से शांतिनगर जाने वाला मार्ग में भरा पानी



**मैनपुर।** पिछले दो-तीन दिनों से रूक रूक कर हो रही बारिश से मैनपुर नगर के शांतिनगर जाने वाला मार्ग में पानी भर गया है। इस मार्ग में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है इसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कल से

**गरियाबंद।** जिले के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालाओं में कार्यरत शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। युक्तियुक्तकरण के तहत 30 मई से 1 जून 2025 तक तीन चरणों में जिला स्तरीय ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है, जिसके अंतर्गत अधिक शिक्षकों वाले विद्यालयों से शिक्षकों को उन स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा जहाँ शिक्षकों की संख्या आवश्यकता से कम है।

**आयोजन :** पीएम आवास, महतारी वंदन योजना से लोग हो रहे लाभान्वित: गौरीशंकर

# समाधान शिविर में लोगों के आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तहसील मुख्यालय मैनपुर वन विभाग परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जहां मैनपुर सहित ग्राम भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, देहारगुड़ा, मैनपुर खुर्द, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, मैनपुर कला, बोईरगांव, छोटेगोबरा एवं दबनई के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने – अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर क"यप, कलेक्टर श्री बी एस उईके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जनपद उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, लोके"वरी नेताम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम, जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ "वेता वर्मा एवं अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शिविर में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, कलेक्टर श्री बी एस उईके ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही स्टॉलों के माध्यम से लोगों को दिये जा रहे योजनाओं की जानकारी एवं लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों का जायजा लिया। सुशासन तिहार के दौरान मैनपुर खुर्द क्लस्टर अंतर्गत प्राप्त कुल आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है।

- मैनपुर के वन विभाग परिसर में आयोजित हुआ समाधान शिविर
- हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित



इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा विष्णुदेव सरकार जनता के लिए समर्पित है यह सरकार जनता की है सरकार की मंसा है हर कार्य पारदर्शिता से हो जनता की मांग और शिकायत का निराकरण सही समय पर हो इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है उन्होने कहा सुशासन तिहार में लोगो को अपनी समस्याओं का निराकरण का भरोसा है इसलिए विष्णुदेव सरकार गांव में पहुंच कर लोगो की समस्या का समाधान कर रही है जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जानना एवं उनका यथा संभव निराकरण भी करना है। इसी तारतम्य में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों के गांवों के नजदीक क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

### ज्योति का हुआ सम्मान

शिविर के दौरान मैनपुर हरदीभाठा निवासी कुमारी ज्योति शर्मा का नर्सिंग आफिसर के लिए चयन हुआ है। ज्योति शर्मा ने बीएससी नर्सिंग जगदलपुर में करने के बाद एम्स के प्री मेस में सफलता हासिल कर आल इंण्डिया रेंग में 536 रेंग प्राप्त करके जिले को गौरवांनित किया है जिस पर कलेक्टर एवं अतिथियों द्वारा मंच पर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर एसडीएम पंकज डाहिरे, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, भाठीगढ़ सरपंच पुष्पा नेगी, हरदीभाठा सरपंच मालती बाई, कुल्हाड़ीघाट सरपंच बनसिंह सोरी, मैनपुरकला सरपंच गज्जू नेगी, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, महेश क"यप,पुलस्त शर्मा, दीलिप साहू, पारे"वर नेताम, कपिल नायक, डी एस नागवंशी, लिबास पटेल क्षेत्र भर से हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट दिया

इस अवसर पर कलेक्टर बीएस उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मैनपुर क्षेत्र से प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ज्यादातर आवेदन पीएम आवास, सड़क, पुल पुलियों से संबंधित है, जिनका परीक्षण कर निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों द्वारा सलफ जलाशय के कार्यों को पूर्ण करने की मांग संबंधी आवेदन के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया कि पर्यावरण स्वीकृति के लिए भारत सरकार स्तर से कुछ प्रक्रिया शेष है, जैसे ही पूर्ण स्वीकृति मिलेगी शासन स्तर से बजट मांग की कार्यवाही की जाएगी। जिससे जलाशय का शेष कार्य तत्परता से पूर्ण किया जाएगा। शिविर में जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर ने 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई रस्म एवं 2 शिशुओं का अन्नप्रासन किया तथा अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया।



# मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत ग्राम देहारगुड़ा में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 6 किलो मीटर दूर ग्राम देहारगुड़ा में बुधवार को मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनूठी पहल में प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में चलाई जा रही मोर गांव मोर पानी महाअभियान की दिशा में गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान सिंह उइके की मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी घासीराम मरकाम मरकाम के नेतृत्व में गरियाबंद जिला के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल के हर एक बूंद को संरक्षण करने मोर गांव मोर पानी बचाव अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के अमृत सरोवर में जनपद सदस्य प्रताप मरकाम के उपस्थिति में अमृत सरोवर तालाब में सरपंच सचिव ग्रामीणों एवम बिहान समूह के दीदियों द्वारा श्रमदान कर तालाब की सफाई की गई। जनपद सदस्य प्रताप मरकाम ने उपस्थित समस्त ग्रामीणों को जल संरक्षण एवम आगामी वर्षा ऋतु में 10 – 10 पौधा रोपण करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ श्वेता वर्मा, जनपद पंचायत मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी उत्तम कुमार चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी कपिल नायक, विकासखंड समन्वयक हेमंत तिकएँ, ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के सरपंच महेश दीवान पूर्व सरपंच डिगे"वरी साण्डे, तकनीकी सहायक तोमेश्वर साहू हीना नेताम ओम प्रभा वत्ती एवं बिहान समूह के पीआरपी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी कपिल नायक ने बताया मोर गांव मोर पानी अभियान ग्रामीण इलाको में जल संकट से निपटने एक बेहतरीन पहल है।

# परिंदों के लिए नवापारा में दाना-पानी की व्यवस्था



**नवापारा-राजिम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई, नवापारा द्वारा पक्षियों के लिए जल प्रबंधन हेतु /"हमर चिरई, हमर चिन्हारी के तहत सकोरा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सकोरा को नवापारा के विद्यालयों व महाविद्यालयों में पक्षियों के लिए दाना व पानी रखा गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व नगर मंत्री दीपक साहू ने बताया कि पशु पक्षियों के लिए दाना, पानी रखने इस अभियान को चलाया गया। बताया कि अभाविप केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एसएफडी सेवार्थ जैसे कई माध्यमों से सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करता है। नगर सहमंत्री कुंदन सोनकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल के अभाव के कारण पक्षियों को जीवन निर्वहन में अत्यधिक कठिनाई होती है। ऐसे में इस प्रकार की छोटी-छोटी पहल भी जीवनदायिनी सिद्ध होती है। कार्यालय मंत्री कुनाल साहू ने कहा कि पेड़ पौधों की लगातार कटाई से पक्षियों व वन प्राणियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए। अभियान संयोजक व कोषाध्यक्ष अभिषेक कंसारी ने कहा कि गर्मी का मौसम पक्षियों के लिए बहुत ही कष्टदायक



होता है। इनको बचाने के लिए हम सभी को थोड़ा-थोड़ा प्रयास करना चाहिए। कम से कम एक सकोरा पानी और अनाज के कुछ दाने छायादार स्थान में रखना चाहिए, जिससे कि पक्षियों की जान बच सके। महाविद्यालय प्रमुख सागर सोनी ने कहा कि पशु-पक्षियों का पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका है, मानव हस्तक्षेप से इनकी संख्या कम होती जा रही है। वहीं कुछ प्रजाति की पक्षियां तो विलुप्त हो चुकी है। खेलों भारत प्रमुख धर्मेंद्र साहू ने जल संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आगे चलकर हम सभी को जल का संरक्षण करना होगा और जल का सीमित उपयोग करना होगा, क्योंकि जल है तो कल है। इस अभियान में सोशल मीडिया प्रमुख चेतन साहू, कैंपस मंत्री शुभ यादव, लक्की साहू, टामेश्वर निर्मलकर, सोम निर्मलकर, पंकज साहू व कुनाल साहू का योगदान अच्छा रहा।

# सम्मेलन में आदिवासी समाज प्रमुख शामिल हुए

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में दिनांक 24 एवं 25 मई 2025 को बस्तर संभाग के जगदलपुर स्थित मुरिया सदन धरमपुरा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें गरियाबंद जिले के छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष नीलकंठ सिंग ठाकुर, संरक्षक छत्तरसिंग ठाकुर, यशपेन्द्र शाह राजमहल छुरा, पुनितराम ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोरी, दिगम्बर ठाकुर शामिल हुए।






# मातृशक्तियों ने वट वृक्ष की पूजा कर लिए 108 फेरे



**राजिम।** सुरसाबांधा में जनपद सदस्य सीमा शर्मा सहित मातृशक्तियों ने अपनी पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा कर 108 फेरे लिए।

# 29 से 12 जून तक चलाया जाएगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**मैनपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान किसानों को उन्नत तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत किसानों को प्रमुख खरीफ फसलों की नवीन तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल विविधीकरण, ड्रोन तकनीक, जैविक खेती, और समन्वित कीट प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। किसानों के सुझाव और समस्याओं को भी संकलित कर अनुसंधान की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी।

गरियाबंद जिले में अभियान के सफल संचालन हेतु उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मछली पालन विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के तीन संयुक्त दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल के साथ एक कृषि रथ भी शामिल रहेगा, जो प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में जाकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद करेगा। इस दौरान कृषक पाठशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें मिट्टी परीक्षण, धान की सीधी बुआई, उन्नत किस्में, जैविक आदानों का निर्माण आदि पर विस्तृत चर्चा होगी। राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छूटे हुए पात्र किसानों का नया पंजीयन, आधार व लैंड सीडिंग का कार्य भी शिविरों में किया जाएगा ताकि उन्हें आगामी किस्त का लाभ मिल सके।

### जिले के 5 ब्लॉकों में कुल 78 जागरूकता शिविरों का आयोजन होगा

गरियाबंदः 18 शिविर
फिंगेश्वरः 18 शिविर
मैनपुरः 18 शिविर
देवभोगः 12 शिविर
छुराः 12 शिविर

इस अभियान की सफल समापन के लिए कलेक्टर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त जानकारी कृषि विभाग के उपसंचालक श्री चंदन राय द्वारा दी गई।

# 19 राज्यों में भ्रमण के बाद कलश यात्रा राजिम पहुंचा



**राजिम।** 1962 में रेजांगला युद्ध में 114 सैनिक की समाधि आहिर धाम पवित्र लद्दाख की पवित्र माटी की कलश यात्रा बिहार से होते हुए 19 राज्यों में भ्रमण कर छत्तीसगढ़ के प्रयाग तीर्थ क्षेत्र राजिम पहुंचा। यहां अंतर्राष्ट्रीय यादव महासभा के पदाधिकारी व राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने पुण्य कलश पर पुष्प माला भेंटकर नमन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकार, सभापति भारत यादव, आकाश सिंह राजपूत,



कुलेश्वर साहू, पार्षद बलराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद, पूर्व पार्षद पुरन यादव समेत यादव समाज के वरिष्ठजन व नगर पंचायत राजिम के पार्षदगण मौजूद रहे। साथ ही कलस यात्रा राजिम से महासमुंद बागबाहरा होते हुए उड़ीसा के लिए प्रस्थान हुआ।

**स्कूल खुलने में अब रह गए कुछ ही दिन शेष**

# कॉपी, पुस्तक, पेन व बैग से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

स्कूल खुलने में अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है। गर्मी में धमाचौकड़ी मचाने वाले बच्चे अब स्कूल खुलते ही पढ़ाई करने में लग जाएंगे। नवापारा शहर का बाजार कॉपी, पुस्तक,पेन, बैग, पानी बॉटल, यूनिफॉर्म, टाई, बेल्ट, जूते मोजे से सज गया है। नया शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ 16 जून से होने जा रहा है। स्कूलों में नए शिक्षा सत्र की कक्षाएं लगेगी। 30 अप्रैल को बंद हुए स्कूल में फिर से चहल-पहल दिखाई देने लगेगी। नए शिक्षा सत्र को लेकर पुस्तक दुकानों एवं स्टेशनरी दुकानदारों ने तैयारी पूरी कर ली है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कक्षा 1 से 12वीं तक की पुस्तके निःशुल्क छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा दी जाती है। किंतु एनसीईआरटी की किताबें बाजार से खरीदनी पड़ती है। छात्र-छात्राओं के लिए खुशी की बात है कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कॉपी नोटबुक की कीमत में 10 प्रतिशत की कमी आई




है। जानकारी के मुताबिक पिछले वर्षों में पेपर यूक्रेन से आयात होता था। किंतु इस वर्ष पेपर चीन, इंडोनेशिया, थाईलैंड एवं आसियान देशों से आयात हो रहे है। बहरहाल नोटबुक की कीमत कम होने से पालकों को थोड़ी राहत मिलेगी। नगर के कुछ विशेष कपड़ा दुकानों में छात्र-छात्राओं के यूनिफॉर्म ,स्पोर्ट्स ड्रेस, मोजे एवं टाई आ चुका है। दुकानदारों को स्कूल खुलने का बेसब्री से इंतजार है।

### कॉपी की कीमत में 10 प्रतिशत की कमी, एनसीईआरटी पुस्तकें उपलब्ध

नवापारा में नटराज स्टेशनरी के संचालक भरत रावलानी एवं दिनेश रावलानी ने बताया कि 16 जून को प्रारंभ होने वाले सत्र के लिए कॉपी, पेन, रबर, शॉपनर, बैग, पानी बॉटल भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। एनसीईआरटी की पुस्तके के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें एवं टेस्ट सीरीज उपलब्ध है। राजिम के अरिहंत वस्त्रालय के संचालक ने बताया कि नवापारा, राजिम एवं नया रायपुर के निजी स्कूलों के यूनिफॉर्म, टाई, बेल्ट उपलब्ध है। छात्र-छात्राएं अभी से ही यूनिफॉर्म खरीदने दुकानों में आने लगे हैं।

